07.02.2026 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 09:00 ए.एम.
प्रादेशिक समाचार

○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से दो दिन की मलेशिया यात्रा पर रवाना होंगे–मलेशिया के प्रधानमंत्री के साथ कल द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

○ पीएम कुसुम योजना में राजस्थान 3 हज़ार मेगावॉट की क्षमता अर्जित कर देश का अग्रणी राज्य बना।

○ अलवर की रामसर साइट सिलीसेढ़ पर आज बर्ड फेस्टिवल का आयोजन–कल होने वाले अंतर्राष्ट्रीय टाइगर मैराथन के लिए सभी तैयारियां पूरी।

○ भारत अंडर–19 क्रिकेट में छठी बार विश्व विजेता बना–ज़िम्बाब्वे में इंग्लैंड को सौ रनों से हराकर ये खिताब हासिल किया।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से दो दिन की मलेशिया यात्रा पर कुआलालंपुर के लिए रवाना होंगे। प्रधानमंत्री की मलेशिया की ये तीसरी यात्रा होगी। श्री मोदी आज भारतीय प्रवासी समुदाय के कार्यक्रम में शामिल होंगे। उनका कल मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय वार्ता का कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ–साथ उद्योग और व्यापार प्रतिनिधियों से भी बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री की यात्रा के साथ ही 10वां भारत–मलेशिया मुख्य कार्यकारी अधिकारी फोरम भी आयोजित होने वाला है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और मलेशिया ऐतिहासिक, सभ्यतागत और सांस्कृतिक संबंधों पर आधारित दीर्घकालिक मैत्री के बंधन को साझा करते हैं। यह संबंध मलेशिया में 29 लाख मजबूत प्रवासी भारतीयों की उपस्थिति से और मजबूत होता है। यह दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा समुदाय है। मलेशिया आसियान में भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है, जिसका द्विपक्षीय व्यापार लगभग 20 अरब डॉलर है।

000

पीएम कुसुम योजना में राजस्थान ने ऊर्जा क्षेत्र में 3 हजार मेगावाट की क्षमता अर्जित की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने योजना की इस उपलब्धि के लिए किसानों, ऊर्जा विभाग और राजस्थान डिस्कॉम्स के कार्मिकों को बधाई दी है। राजस्थान अक्षय ऊर्जा और सौर ऊर्जा के साथ–साथ पीएम कुसुम योजना कम्पोनेन्ट ए तथा सी में देश का अग्रणी राज्य है। साथ ही, सौर ऊर्जा के क्षेत्र में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कम्पोनेन्ट बी में सोलर पम्पसेट लगाने पर अनुदान भी दिया जा रहा है। वहीं प्रदेश के 22 जिलों में किसानों को अब दिन में बिजली मिल रही है।

000

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत आज से जयपुर में राज्य स्तरीय प्रदर्शनी और व्यापार मेला शुरू हो रहा है। जवाहर कला केंद्र के शिल्पग्राम में होने वाले इस आयोजन में लाभार्थियों को मार्केटिंग और ब्रॉडिंग के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस प्रदर्शनी में विश्वकर्मा लाभार्थियों की ओर से एक सौ से ज्यादा स्टॉल्स पर पारम्परिक शिल्प उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। योजना के क्रियान्वयन और विश्वकर्मा लाभार्थियों को ऋण देने तथा औज़ार वितरण में राजस्थान देशभर में दूसरे पायदान पर है।

000

प्रदेश में चल रहे ग्राम उत्थान शिविरों के दूसरे चरण के तहत किसानों को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित किया जा रहा है। करौली जिले के सपोटरा में लगाये गये शिविर में किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के बारे में जानकारी दी गई। इसके जरिये वैज्ञानिक तरीके से खेती करने और उत्पादन बढ़ाने के बारे में बताया गया। उधर, पाली में सिरयारी गांव के लाभार्थी किसान शंकर लाल ने बताया कि उन्हें शिविर के माध्यम से

टांका निर्माण के लिए सब्सिडी मिली है। इसके अलावा अन्य योजनाओं का भी लाभ मिला है।

000

बीसलपुर के किसान परबतसिंह ने बताया कि उन्हें गोबर धन योजना के तहत अनुदान मिला है।

000

अलवर की रामसर साइट सिलीसेढ़ झील पर आज बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इस साइट पर सौ से अधिक प्रजातियों के पक्षी पाये जाते हैं। फेस्टिवल के दौरान इसमें बर्ड वॉचिंग, साइट विजिट और पुरस्कार वितरण रखा गया है। केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव और वन राज्यमंत्री संजय शर्मा भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। वहीं सरिस्का टाइगर रिजर्व क्षेत्र में हो रही राष्ट्रीय कार्यशाला के दूसरे दिन आज कई तकनीकी सत्र होंगे। कार्यशाला में वन्यजीवों के रेस्क्यू के लिए रोडमैप और प्रोजेक्ट चीता की वार्षिक रिपोर्ट भी पेश की जाएगी। वहीं कल अलवर टाइगर मैराथन होगी। इसमें आठ देशों के 18 हजार से अधिक धावक और संरक्षण प्रणेता हिस्सा लेंगे।

000

उदयपुर में वर्ल्ड म्यूज़िक फेस्टिवल की कल से शुरूआत हुई। फेस्टिवल के पहले दिन प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर ने संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध किया। हमारे संवाददाता ने बताया कि तीन दिन के इस फेस्टिवल में 11 देशों के डेढ़ सौ अधिक कलाकार भाग ले रहे हैं।

000

बांसवाड़ा जिले में कल रात एक बस के बेकाबू होकर खाई में गिरने से चार लोगों की मौत हो गई और 44 यात्री घायल हो गये। हादसा घोटिया आंबाधाम के पास हुआ। बस सज्जनगढ़ क्षेत्र के संदलाई से खेड़ा वडलीपाडा गांव जा रही थी। जिला कलेक्टर इंद्रजीत यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही प्रशासन की ओर से राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। गंभीर रूप से घायलों को उदयपुर रैफर किया गया। उधर, भीलवाडा, जिले के मांडल क्षेत्र में आज सुबह एक बेकाबू ट्रक ने दो मोटरसाइकिल सवारों को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

000

प्रदेश में वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं देने के लिए रामाश्रय योजना लाभकारी साबित हो रही है। इसी कड़ी में जैसलमेर जिले के जवाहर अस्पताल में बुजुर्गों के लिए अलग से वॉड चिन्हित किया गया है। योजना के तहत पिछले साल अप्रैल से अब तक 600 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों का उपचार कर लाभान्वित किया गया है।

000

भारत अंडर–19 क्रिकेट में छठी बार विश्व विजेता बन गया है। जिम्बाब्वे में खेले गये फाइनल मुकाबले में, भारत ने इंग्लैंड को सौ रन से हराकर ये खिताब हासिल किया। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 411 रन बनाये। इसमें वैभव सूर्यवंशी की 175 रनों की शानदार पारी शामिल है। जवाब में, इंग्लैंड की टीम 40 ओवर 2 गेंदों में 311 रनों पर सिमट गई। इंग्लैंड की ओर से कैलेब फॉकनर ने सबसे ज्यादा 115 रन बनाए।

000

आईसीसी टी–20 विश्वकप टूर्नामेंट आज से शुरु हो रहा है। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में यह टूर्नामेंट 8 मार्च तक चलेगा। प्रतियोगिता में 20 टीम 55 मैच खेलेंगी। टूर्नामेंट में ग्रुप चरण के बाद सुपर–8 और नॉक–आउट राउंड रखे गए हैं। आज पहले दिन तीन मैच खेले जाएंगे हैं। पहला मैच कोलंबो में पाकिस्तान और नीदरलैंड्स के बीच भारतीय समय के अनुसार सुबह 11 बजे से शुरू होगा। दूसरा मैच दोपहर 3 बजे से वेस्टइंडीज और स्कॉटलैंड के बीच कोलकाता में खेला जाएगा। तीसरे मैच में मौजूदा चैंपियन भारत और अमेरिका आमने सामने होंगे। ये मैच शाम 7 बजे से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा होगा।

000